# Padma Vibhushan





## SHRI KONIDELA CHIRANJEEVI

Shri Konidela Chiranjeevi is an actor, statesman and humanitarian par excellence. He has always excelled and continues to excel in his chosen field and continues to touch millions of lives across India and the world. A completely self made man, he rose from a humble background to the position of an indisputable Megastar of Indian,Telugu films.

2. Born on 1st August, 1955, Shri Chiranjeevi began his acting career in 1978, and quickly gained recognition for his superlative performances, heroic looks, excellent command over dance, perfect comedy timing and above all for his dedication towards his work. He went on to act in 155 films predominantly in Telugu, in a career span of 45 years.

3. After achieving unparalleled success through his films, Shri Chiranjeevi has constantly yearned to give back to the society that has showered so much love on him. He has made pioneering efforts to channelize the collective energy of millions of his fans towards social causes. He founded the Chiranjeevi Charitable Trust (CCT) in the year 1998. In the last 25 years, CCT has secured the collection and donation of over a phenomenal 10 lakh units of blood to those in need of life saving blood. CCT had also arranged to restore the eye sight of over ten thousand people through corneal transplants. He had extensively campaigned against Child Labour, AIDS Awareness, Polio eradication and several other social issues creating huge impact. His exemplary efforts by setting up 42 free oxygen banks during Covid-19 pandemic have helped to save thousands of fives in the Telugu states.

4. From extending financial assistance to numerous people in distress, senior industry colleagues, needy persons of the society to standing by anyone and any cause that seeks his support, Shri Chiranjeevi has emerged as a fine example of a Megastar with a heart filled with compassion. He has inspired generations of actors to excel against all odds. He has motivated millions of his fans to strive not only for personal glory but also to care about the society and their fellow humans.

5. Shri Chiranjeevi was nominated as a Member of Parliament, Rajya Sabha in April, 2012. In October, 2012, he had been inducted into the Central Cabinet as the Minister of State for Tourism with Independent Charge. As Tourism Minister, he had taken several breakthrough initiatives to promote tourism across all sectors, and to optimally leverage India's soft power. Despite returning to films in 2016, after a long gap of 10 years, Shri Chiranjeevi's unmatchable popularity remained the same. He was bestowed the prestigious 'Indian Film Personality of the Year' in November, 2022, at the 53rd International Film Festival of India (IFFI) at Goa.

6. Shri Chiranjeevi has won numerous awards and recognitions in his illustrious journey. He has won three Nandi Awards and 9 Film fare Awards for the Best Actor. He was presented the prestigious 'Raghupathi Venkaiah' Award by the Government of Andhra Pradesh. He was bestowed the 'Padma Bhushan' in the year 2006.





## श्री कोणिदला चिरंजीवि

श्री कोणिदला चिरंजीवि एक उत्कृष्ट अभिनेता, राजनेता और मानवतावादी हैं। उन्होंने अपने चुने हुए क्षेत्र में हमेशा उत्कृष्टता हासिल की है और करते रहे हैं और उन्होंने भारत और दुनिया भर के लाखों लोगों को प्रभावित किया है। पूरी तरह से स्व–निर्मित व्यक्ति हैं, और एक साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर भारतीय, तेलुगु फिल्मों के निर्विवाद मेगास्टार बने।

2. 1 अगस्त, 1955 को जन्मे, श्री चिरंजीवि ने 1978 में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, और अपने शानदार प्रदर्शन, नायकोचित रूप, नृत्य पर उत्कृष्ट पकड़, सटीक कॉमेडी टाइमिंग और सबसे बढ़कर अपने काम के प्रति समर्पण के लिए जल्द ही पहचान हासिल कर ली। उन्होंने अपने 45 साल के करियर में मुख्य रूप से तेलुगु की 155 फिल्मों में अभिनय किया।

3. अपनी फिल्मों के माध्यम से अद्वितीय सफलता प्राप्त करने के बाद, श्री चिरंजीवि लगातार उस समाज को वापस लौटाने के लिए आतुर रहे हैं जिसने उन पर इतना प्यार बरसाया है। उन्होंने अपने लाखों प्रशंसकों की सामूहिक ऊर्जा को सामाजिक कार्यों की दिशा में लगाने के अग्रणी प्रयास किए हैं। उन्होंने वर्ष 1998 में चिरंजीवि चैरिटेबल ट्रस्ट (सीसीटी) की स्थापना की। पिछले 25 वर्षों में, सीसीटी ने जीवन रक्षक रक्त की आवश्यकता वाले लोगों के लिए 10 लाख यूनिट से अधिक रक्त का संग्रह और दान किया है। सीसीटी ने कॉर्निया प्रत्यारोपण के माध्यम से दस हजार से अधिक लोगों की आंखों की रोशनी वापस लौटाने का कार्य भी किया था। उन्होंने बाल श्रम, एड्स जागरूकता, पोलियो उन्मूलन और कई अन्य सामाजिक मुद्दों के खिलाफ विस्तृत अभियान चलाए और व्यापक प्रभाव डाला। कोविड–19 महामारी के दौरान 42 निःशुल्क ऑक्सीजन बैंक स्थापित करने के उनके अनुकरणीय प्रयासों ने तेलुगु राज्य में हजारों लोगों की जान बचाने में मदद की है।

4. अनेक दुखी लोगों, वरिष्ठ उद्योग सहयोगियों, समाज के जरूरतमंद व्यक्तियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने से लेकर किसी भी ऐसे मुद्दे के लिए खड़े होने तक, जिनमें उनकी मदद की जरूरत है, श्री चिरंजीवि सहृदय मेगास्टार के बेहतरीन उदाहरण के रूप में उभरे हैं। उन्होंने कई पीढ़ियों के अभिनेताओं को सभी बाधाओं के बावजूद उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने अपने लाखों प्रशंसकों को न केवल अपने गौरव के लिए बल्कि समाज और अपने साथी जनों का ध्यान रखने के लिए भी प्रेरित किया है।

5. श्री चिरंजीवि को अप्रैल, 2012 में राज्यसभा के संसद सदस्य के रूप में नामित किया गया था। अक्टूबर, 2012 में, उन्हें स्वतंत्र प्रभार के साथ पर्यटन राज्य मंत्री के रूप में केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था। पर्यटन मंत्री के रूप में, उन्होंने सभी क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने और भारत की सॉफ्ट पावर का बेहतर लाभ उठाने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की थीं। 10 साल के लंबे अंतराल के बाद 2016 में फिल्मों में वापसी के बावजूद श्री चिरंजीवि की बेमिसाल लोकप्रियता वैसी ही बनी रही। नवंबर, 2022 में गोवा में 53वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में उन्हें प्रतिष्ठित 'इंडियन फिल्म पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर' का पुरस्कार दिया गया।

6. श्री चिरंजीवि ने अपने उल्लेखनीय कार्यो के लिए अनेक पुरस्कार और सम्मान प्राप्त किए हैं। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए तीन नंदी पुरस्कार और 9 फिल्मफेयर पुरस्कार जीते हैं। उन्हें आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिष्ठित 'रघुपति वेंकैया' पुरस्कार प्रदान किया गया। वर्ष 2006 में उन्हें 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया गया।